RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 141

ट्रंप बोले... भारत से डील के करीब, ये दूसरे देशों से अलग और खास होगी

वाशिंगटन | अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अंतिम चरण में है और यह समझौता अन्य देशों के साथ हुई डील से अलग और खास होगा। ट्रंप के अनुसार भारत अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है और दोनों देशों के बीच यह डील व्यापक आर्थिक सहयोग को मजबूत कर सकती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि कई देशों के साथ ट्रेड डील की बातचीत चल रही है, लेकिन भारत के साथ होने वाला समझौता विशेष होगा। इसमें व्यापार को बढ़ाने, रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और ऊर्जा व तकनीक सहयोग को आगे बढ़ाने जैसे मुद्दे शामिल हैं। हालांकि, टैरिफ में कटौती और भारत के कृषि हितों की सुरक्षा इस दील के अहम बिंदु बने हुए हैं।



भारत-अमेरिका व्यापार

व्यापार, रक्षा, तकनीक और ऊर्जा सहयोग पर हो रही चर्चा

भारत 10% से कम टैरिफ चाहता है

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री रुबियो के मुताबिक, भारत के साथ प्रस्तावित समझौते में टैरिफ को कम करने पर सहमति बन सकती है। भारत चाहता है कि उसके कृषि क्षेत्र के हित सुरक्षित रहें और संवेदनशील उत्पादों पर अधिक शुल्क न लगाया जाए। भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों को और मजबूत करने तथा अनाज, मिलेट्रस और प्रमुख फसलों के बाजार तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने की बात कही है। दोनों देशों के बीच वार्ता जल्द पूरी होने की उम्मीद है।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक डिजिटल समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 141

आज के सुविचार

आज का सुविचार

जब हम कल की तुलना में आज और बेहतर काम करेंगे, तो जीवन में बहुत जल्दी सकारात्मक बदलाव आएगा।

अब हर नागरिक बनेगा रिपोर्टर



इंदौर में आवारा कुत्तों का आतंक 60 दिन में 8 हजार से ज्यादा डॉग बाइट के मामले



इंदौर

इंदौर और भोपाल में आवारा कुत्तों के हमलों के मामले चिंता बढ़ा रहे हैं। भोपाल के शाहजहांनाबाद क्षेत्र में 16 अक्टूबर को एक आवारा कुत्ते ने 8 वर्षीय इब्राहिम पर हमला कर दिया, जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। बच्चे को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके चेहरे पर 15 टांके लगाए गए। वहीं, इंदौर में जुलाई और अगस्त 2026 के महज 60 दिनों में स्वास्थ्य विभाग के पास 8,142 डॉग बाइट के मामले दर्ज हुए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2025 से अगस्त 2026 तक



इंदौर में कुल 57,114 डॉग बाइट के मामले सामने आए। स्थानीय रहवासियों ने आवारा कुत्तों के झुंड से लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक डिजिटल समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 141

इंदौर में 20 फीट ऊंचे खंभे से गिरा बिजली कर्मचारी



इंदौर

पलासिया क्षेत्र में बिजली लाइन सुधारने के दौरान आउटसोर्स कर्मचारी राजेंद्र राठौर 20 फीट ऊंचे खंभे से गिर गए। सिर में गंभीर चोट लगने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। राजेंद्र पिछले तीन साल से बिजली विभाग में काम कर रहे थे। उनके परिवार में पत्नी, तीन बच्चे और दो भाई हैं। इस हादसे ने बिजली कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं।

इंदौर में पानी बचाने की तैयारी, कार वॉशिंग पर लग सकता है प्रतिबंध



कम बारिश को देखते हुए नगर निगम ने जल संरक्षण की तैयारी शुरू कर दी है। कार वॉशिंग पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव महापौर परिषद की बैठक में रखा जाएगा। एमआईसी की मंजूरी के बाद ही प्रतिबंध लागू होगा। शहर में करीब 1 हजार कार वॉशिंग सेंटर हैं, जहां रोजाना बड़ी मात्रा में पानी खर्च होता है। इसके अलावा होटल, रेस्टोरेंट, मॉल और मैरिज गार्डन में पेयजल के गैर-पेय उपयोग पर भी रोक लगाने पर विचार किया जा रहा है।

इंदौर में नवरात्रि के दौरान चोरी की वारदातें, प्रतिमा से सोने का हार गायब; 5 थाना क्षेत्रों में चोर सक्रिय

इंदौर

शहर के पांच थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। हीरानगर के खातीपुरा में नवरात्रि के दौरान माता की प्रतिमा से दो तोले सोने का हार गायब हो गया। वहीं, तिलक नगर में सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी की गई। पलासिया, बाणगंगा और अन्नपूर्णा क्षेत्रों में भी चोरी की वारदातें दर्ज हुई हैं। लगातार हो रही घटनाओं के बीच शहर की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की गश्त पर सवाल उठ रहे हैं।



आखिर चोरी की इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस क्या ठोस कदम उठाएगी?

देवास नाका से तलावली चांदा तक जाम से जनता परेशान, 30 टाउनशिप के हजारों रहवासियों की आवाजाही मुश्किल



इंदौर

इंदौर में देवास नाका से तलावली चांदा के बीच यातायात व्यवस्था लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। क्षेत्र में दो रेलवे बोगदों से आवाजाही और पीक आवर्स में वाहनों का दबाव बढ़ने से घंटों जाम की स्थिति बन रही है। आसपास की करीब 30 टाउनशिप में रहने वाले हजारों लोगों को रोजाना घर से निकलने और वापस लौटने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बोगदों में पानी भरने, सड़क पर जलभराव और निर्माण कार्यों के कारण वैकल्पिक रास्तों पर भी यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं, एबी रोड पर रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों के कारण परेशानी और बढ़ जाती है। रहवासियों के सामने रोजाना आवागमन की समस्या बनी हुई है।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक डिजिटल समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 141

न्यूजीलैंड का भारत दौरा आज से शुरू, क्राइस्टचर्च में पहला टी20 मुकाबला; 6 हफ्ते चलेगा दौरा



क्राइस्टचर्च

भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर पहुंच चुकी है। दोनों टीमों के बीच पहला टी20 मुकाबला आज दोपहर 12:30 बजे से खेला जाएगा। इस दौरे में टी20 और वनडे मुकाबलों के साथ टेस्ट सीरीज भी प्रस्तावित है। भारतीय टीम की नजरें जीत के साथ शुरुआत करने पर होंगी, जबकि न्यूजीलैंड घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारत की बल्लेबाजी और न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाजी इस मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकती है। अब देखना होगा कि पहले टी20 में कौन-सी टीम बाजी मारती है।

मैच	तारीख	मैदान / शहर
पहला T20I	22 अक्टूबर	हेगली ओवल,
दूसरा T20I	24 अक्टूबर	हेगली ओवल, क्राइस्टचर्च
तीसरा T20I	27 अक्टूबर	वेलिंगटन
चौथा T20I	30 अक्टूबर	ईडन पार्क, ऑकलैंड
पांचवां T20I	1 नवंबर	सेडन पार्क, हैमिल्टन



मणिपुर में छह महीने बाद फिर भड़की हिंसा, तीन मैतेई लोगों की हत्या; कई इलाकों में बंद का असर

मणिपुर

राज्य में छह महीने की शांति के बाद एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। चुराचांदपुर और कांगपोकपी समेत कई इलाकों में हिंसा की घटनाओं के बीच तीन मैतेई लोगों की हत्या की खबर सामने आई है। विरोध में स्कूल, बाजार, बैंक और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं प्रभावित हुईं।

मैतेई संगठनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, जबकि सुरक्षा बलों ने संदिग्धों की गिरफ्तारी कर हथियार बरामद करने की जानकारी दी है। राज्य में लगातार हो रही हिंसक घटनाओं से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक डिजिटल समाचार पत्र



La SAGESSE
SEAT OF WISDOM

MAIN CAMPUS

School Facilities

- Smart Class
- Robotics Lab
- Science Labs
- Computer Lab
- Squash Court
- Basketball
- Football
- Skating
- Swimming
- Library
- Rifle Shooting
- Pickle Ball
- Volleyball
- Cricket
- Lawn Tennis
- Indore Badminton Arena

About School

An institution that balances strong academic achievements with overall holistic development of students.

CONTACT US

Ph- 9201959432
9752411052
lasagesse.in

La Sagesse Group of Schools



Add.: H-14, Nalanda Parisar, Kesarbag Road, Indore
Mo.: 7049299228



Address: 50, Rajaswa Gram Colony, Chhatribag, INDORE
Mo.: 9589261662

Panda Road, Near Hotel Red Maple Mashal, A.B. Road, RAU



Senior Luxury Living

SBS
Assisted Living
Senior Citizen Care, Redefined





Panda Road, Near La Sagesse Academy,
Rau, Indore MP 453331
Phone: 9340380647, 8817137388
Email: sbsseniorspride@gmail.com
website: www.sbsseniorspride.com

स्थायी सीटिप सेंगर के लिए प्रकाशक/मुद्रक देवेंद्र सिंह सेंगर द्वारा कॉम्पेक्ट प्रिन्टर्स प्रा. लि. 3/54, प्रेस कॉम्प्लेक्स ए.बी. रोड, इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं ला साजेस कैम्पस, पाण्द्रा रोड, होटल मशाल के पास राज, जिला इंदौर (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित। संम्पादक : स्वीपिम सेंगर। मोबाईल : 9244198932 आरएनआई नंबर : MPHIN/2023/88328 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)